अजीत समाचार हिमाचल

3

अजीत समाचार, जालन्धर

रविवार, 21 मई, 2017

4.40 लाख रुपए की हैरोइन सहित हिमाचली युवक पंजाब पुलिस ने धरा, बरामद किया 55 ग्राम चिट्टा

इंदौरा, 20 मई (बलजीत) : पंजाब पुलिस ने हिमाचल के एक युवक को 4.40 लाख रुपए की हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। गत दिवस देर शाम पंजाब पुलिस ने हिमाचल पंजाब सीमा पर पंजाब के गांव मानसर में भंगाला पुलिस चौकी प्रभारी जगदीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने नाका लगाया हुआ था। इस दौरान एक युवक पठानकोट की तरफसे पैदल मानसर की तरफ जा रहा था कि पुलिस को देखते ही भागने लगाए, जिस कारण पुलिस को उस पर संदेह हुआ और पुलिस ने उसके भागने के प्रयास को विफल करते हुए उसे धर दबोचा तथा तलाशी लिए जाने पर 55 ग्राम नशीला पदार्थ हेरोइन (चिट्टा) बरामद किया गया, जिसकी नशे के बाजार में 4.40 लाख रुपए बताई गई है। पकड़े गए आरोपी ने अपनी पहचान रोहित कुमार उर्फ अजय निवासी धमोता तहसील इंदौरा, ज़िला कांगड़ा बताई है। पुलिस ने नशीले पदार्थ को कब्जे में लेकर युवक को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया है। आगामी कारवाई अमल में लाई जा रही है।

विश्वविद्यालय में हुआ खूनी संघर्ष, दर्जनों छात्र घायल

मामले में एबीवीपी के 12 कार्यकर्ता गिरफ्तार

प्रदेश विश्वविद्यायल में देर रात एबीवीपी व एसएफआई छात्र गुटों के बीच हुई लड़ाई के विरोध में धरना प्रदर्शन करते हुए एसएफआई कार्यकर्त्ता। प्रदेश विश्वविद्यायल में देर रात हुए झगड़े को लेकर विश्वविद्यायल पहुंचे पुलिस अधिक्षक डीडब्लू नेगी। प्रदेश विश्वविद्यायल में देर रात हुए झगड़े में टूटे हुए खिड़कियों के शीशे व झगड़े में इस्तेमाल की गई ईंटों के टुकड़े। प्रदेश विश्वविद्यायल में देर रात हुए झगड़े में लहु-लूहान हुए एसएफआई कार्यकर्ता। (छाया : धर्मेन्द्र)

शिमला, 20 मई (विनोद पाठक) : प्रदेश विश्वविद्यालय में खुनी संघर्ष रुकने का नाम नहीं ले रहा है। हिमाचल विश्वविद्यालय में शुक्रवार देर शाम लगभग 9 बजे दो गुटों में खुनी संघर्ष हो गया और जमकर पथराव हुआ और एक दूसरे पर धार दार हथियार से हमला हुआ है। खूनी संघर्ष में दर्जनों छात्र घायल हो गए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर शाम लगभग 9 बजे टेगोर हॉस्टल में एसएफआई और एबीवीपी आपस में भीड़ गए और एक दूसरे पर जमकर पथराव किया। इस घटना में 15 छात्र घायल हो गए है, जिनमें से 6 गम्भीर घायल को आइजीएमसी में उपचार के लिए दाखिल करवाया गया है। जिनमें केवल कुमार, कयूम, देव राज, शिव, अमन व चेतन राणा शामिल है। दो छात्र गुटों के बीच हुई लड़ाई के मामले में पुलिस ने एबीवीपी के 12 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने एबीवीपी के कायकर्ता विश्वबंधु, प्रदीप शर्मा, नेक राज, विशाल शर्मा, निशांत, मनमोहन योगराज, अश्वनी, निखिल व प्रदीप आदि को गिरफ्तार किया है। पुलिस अभी कुछ ओर छात्रों को भी गिरफ्तार कर सकती है। टैगोर हॉस्टल में जब एसएफ आई और एबीवीपी के बीच खूनी संघर्ष हुआ, तो उस दौरान टैगोर हॉस्टल के शीशे तोड़े गए है। वहीं हॉस्टल के अंदर रखी टेबल व चेयर को भी तोड़ दिया गया है। इसके अलावा हॉस्टल के बाहर एक बाईक रखी गई थी, वह भी छात्रों ने हंगामे के दौरान पूरी तरह से तोड़ ड़ाला है। हालांकि पुलिस को लड़ाई का पता लग गया था, लेकिन जितने में पुलिस होस्टल के पास पहुंची तब तक शीशे तोड़ दिए थे। लड़ाई के दौरान एसएफ आई के पांच छात्र घायल हुए थे, जिन्हें उपचार के लिए आईजीएमसी लाया गया था। अब इनमें से चिकित्सक ने एक ही छात्र को भर्ती किया है। जिसको हाथ में चोट आने के कारण टांके लगे है। बाकि को अस्पताल से छुट्टि दे दी गई है। पुलिस की कार्रवाई विश्वविद्यालय में जारी है। आखिर में लड़ाई क्यों हुई पुलिस सबूत जुटा रही है। गौर रहे हर वर्ष विश्वविद्यालय में लड़ाई के मामले सामने आते है। ज्यादातर लड़ाई भी एसएफआई व एबीवीपी के बीच होती है, लेकिन अभी लड़ाई के कारण पुलिस भी पता नहीं लगा पाई है। जब लड़ाई हो जाती है पुलिस भी तभी जागती हुई नज़र आती है। शनिवार को शिमला एसपी डीडब्ल्यू नेगी ने भी मौके का निरीक्षण किया और छात्रों को शांती बरतने के निर्देश दिए।

बिना तलाशी लिए परिसर में प्रवेश नहीं होने दिए छात्र

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में छात्रों के बीच तेज़दार हथियारों से हुई लड़ाई को देखकर पुलिस हरकत में आ गई है। शनिवार को सुबह के समय ही पुलिस छात्रों की चैकिंग करने में जुट गई। ऐसे में एक भी छात्र को पुलिस ने बिना तलाशी लिए नहीं छोड़ा। जैसे ही कोई छात्र गेट के पास से प्रवेश कर रहा था, तो पुलिस गेट पर ही छात्र को खड़ा कर देती थी। ऐसे में चैकिंग करके ही छात्रों को परिसर में प्रवेश होने दिया। पुलिस ने छात्रों की तलाशी लेने का यह कदम तेज़दार हथियरों से छात्रों के बीच हो रही लड़ाई को देखकर ही उठाया। पुलिस को शक था कि शायद छात्र परिसर के अंदर तेज़दार हथियार लेकर जाएंगे, क्योंकि बीते अक्तुबर माह में हुई लड़ाई के दौरान भी पुलिस ने वाईएस परमार हॉस्टल के छत के ऊपर से भी हथियार बरामद किए थे। हालांकि इस बार की लड़ाई में फिलहाल किसी भी छात्र के पास से कोई हथियार बरामद नहीं हुआ। अब पुलिस भी इस बात से हैरान है कि आखिर में छात्रों के बीच माहौल शांत क्यों नहीं हो रहा है। छात्रों के बीच हो रही लड़ाई की पुलिस को भनक तक नहीं लग रही है। जब छात्रों के आपस में सिर फटने शुरू हो जाते है, तभी पुलिस को लड़ाई का पता चल पाता है। एचपीयू में खुनी संघर्ष होने पर छात्रों की पढ़ाई पर असर दिखना शुरू हो गया है। आधे से ज्यादा स्टूडैंटस एचपीयू में पढ़ाई करने भी नहीं जा पा रहे है। यहां पर खासकर छात्राओं की पढ़ाई का नुकसान हो रहा है। कुछ छात्राओं ने एचपीयू जाना ही बंद कर दिया है। डर के कारण छात्राएं पढ़ाई तक नहीं कर पा रही है।

पुलिस की छावनी तबदील हुई एचपीयू

चप्पे-चप्पे हुई पुलिस व क्यूआरटी तैनात

विश्वविद्यालय पुलिस की छावनी में तबदील हो गई है। एसएफआई व एबीवीपी के कार्यकर्ताओं के बीच हुए खूनी संघर्ष को देखकर पुलिस हरकत में आ गई है। अब विश्वविद्यालय में पुलिस की गश्त को बढ़ा दिया गया है। ऐसे में सभी छात्रों को निर्देश दिए गए है कि अगर कोई भी छात्र हंगामे करते हुए पेश आया, तो उसे पुलिस द्वारा बिल्कुल भी बर्दाशत नहीं किया जाएगा। हैरत है कि दो दिन से दोनों गुटों के बीच खुनी संघर्ष थमता हुआ नज़र नहीं आ रहा है। दोनों छात्र गुटों के बीच तेज़दार हथियारों से प्रहार हो रहा है। पुलिस का कहना है कि अगर एक दिन के अंदर लड़ाई शांत नहीं होती है, तो पुलिस लड़ाई को रोकने के लिए ओर रास्ता अपनाएगी। यहां पुलिस ने यह भी तय कर लिया है कि अगर एक या दो दिन में छात्रों के यही हाल रहते है, तो धारा-144 लगाने से भी पुलिस पीछे नहीं हटेंगी। अभी फिलहाल पुलिस छात्रों के रोष को कम करने में जुटी है। उधर विश्व विद्यालय प्रशासन मामले में संलिप्त दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेगा।

वीसी के इशारे पर हुआ हमला

एसएफ आई की विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष नोवल ठाकुर ने आरोप लगाया है कि विवि के वीसी प्रो. एडीएन बाजपेयी के इशारे पर एबीवीपी ने यह हमला किया है। नोवल का कहना है कि शुक्रवार दोपहर बाद उन्होंने वीसी का पुतला जलाया था और उससे बौखलाकर वीसी ने एबीवीपी का इस्तेमाल कर उन पर हमला करवाया है। उन्होंने कहा कि एसएफआई ने वीसी हटाओं विवि बचाओं अभियान छेड़ रखा है और उनका यह अभियान जारी रहेगा। उनकी मांग है कि विवि के वीसी को किसी भी सूरत में सेवाविस्तार नहीं मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि टैगौर छात्रावास में एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने डाईनिंग हॉल पर कब्जा कर लिया था और जैसे ही उनके कार्यकर्ता खाना खाने वहां गए उन पर हमला कर दिया गया। इस कारण 7 कार्यकर्ता घायल हुए हैं।

प्रशासन के दृढ़ प्रयासों के पश्चात् भेजी गई दिल्ली से शिमला के लिए फ्लाइट

शिमला, 20 मई (अ.स.) : उपायुक्त शिमला रोहन चंद ठाकुर ने दिल्ली से शिमला के लिए हवाई यात्रा सेवाएं प्रदान करने वाली सभी संबद्ध ऐजेंसियों को उड़ान नियमित रूप से प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को दिल्ली से शिमला के लिए आने वाली फ्लाईट रद्द कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि यदि शिमला के लिए हवाई यात्रा सेवाएं प्रदान करने में कोताही की गई तो संबंधित ऐजेंसियों के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए मामला उच्च अधिकारियों के समक्ष भेजा जाएगा। आज प्रात: उपायुक्त शिमला रोहन चंद ठाकुर को दूरभाष के माध्यम से शिकायत प्राप्त हुई कि दिल्ली से शिमला के लिए एलाईंस कंपनी की फ्लाईट, शिमला में मौसम खराब होने का हवाला देकर रद्द कर दी गई है, जबकि शिमला में उस समय मौसम बिलकुल साफ था। उपायुक्त ने इस बारे में एयर ट्रैफिक कंट्रोल के प्रतिनिधि सुवैया से दूरभाष पर जानकारी मांगी तो उन्होंने बताया कि शिमला ऐयरपोर्ट में रन-वे गीला है, जबकि अन्य प्रतिनिधि मगीरवार ने बताया कि एयर स्ट्रिप में कोई दिक्कत नहीं है।

उपायुक्त ने इस बारे में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों से भी विस्तृत बातचीत की और उक्त समस्या के त्वरित समाधान करने के लिए कहा। प्रशासन के दृढ़ प्रयासों के बाद आज यह फ्लाईट शिमला के लिए भेजी गई। उपायुक्त द्वारा यह मामला जांच के लिए उच्चाधिकारियों को भी भेज दिया गया है।

आज बिजली बंद रहेगी

सोलन, 20 मई (अमरप्रीत) : सोलन शहर में 21 मई, 2017 को माल रोड स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई) के द्वार से मुरारी मार्किट तक प्रात: 10 बजे से सांय 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी शनिवार को प्रदेश विद्युत बोर्ड के सोलन स्थित विद्युत उपमण्डल संख्या-एक के सहायक अभियंता ने दी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय विद्युत लाईनों के उचित रख-रखाव एवं उपकरणों की मुरम्मत के दृष्टिगत लिया गया है। उन्होंने आम जन से इस दौरान सहयोग की अपील की है।

कार पर पत्थर गिरने से दो महिलाएं घायल

परवाणु, 20 मई (विमल) : थाना परवाणु के तहत एक कार पर पत्थर गिरने से दो महिलाएं घायल हो गई, जबकि कार में सवार कार चालक सुरक्षित है। दोनों घायल महिलाओं को 108 एंबुलेंस की मदद से ईएसआई अस्पातल परवाणु पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों महिलाओं को जीएमसीएच सेक्टर-32 अस्पताल रैफ र किया गया। जानाकरी के अनुसार घटना सुबह करीब 9 बजे दत्यार के समीप की है। बताया जा रहा है कि इन दिनों फोरलेन निर्माण प्रगति पर है। जिस कारण पहाड़ से अचानक पत्थर कार पर गिर गया। इससे कार में सवार मुंबई निवासी 45 वर्षीय नमिता व 75 वर्षीय सैफरली घायल हो गई। दोनों महिलाएं कार नंबर पीबी-01-बी 2708 में अंबाला से शिमला जा रही थी। उन्होंने यह कार चंडीगढ़ से हायर की थी। थाना प्रभारी मीनाक्षी ठाकुर ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया की जांच जारी है।

संयुक्त पटवार एवं कानूनगो महासंघ की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त कांगड़ा सीपी वर्मा।

ई-डिस्ट्रिक्ट कार्यक्रम के तहत पटवारियों को उपायुक्त ने बांटे लैपटॉप

धर्मशाला, 20 मई (सतेंद्र धलारिया) : उपायुक्त कांगड़ा सीपी वर्मा ने कहा कि ई-डिस्ट्रिक्ट परियोजना ई-गवर्नेंस योजना के अंतर्गत चलने वाली स्टेट मिशन मोड परियोजना है, जिसका मुख्य उद्देश्य जन केंद्रित सेवाओं का कम्पयूटरीकरण करने का है। इस परियोजना में संपूर्ण व्यवस्था क्रम को कम्पयूटराइज किया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न जन-सेवाओं को सम्मिलित किया गया है, जिससे ज़िला के लोगों को विभिन्न जन-सेवाएं शीघ्र उपलब्ध करवाने में तेजी आएगी। वे शनिवार को ज़िला कांगड़ा संयुक्त पटवार एवं कानूनगो महासंघ की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर उपायुक्त ने ई-डिस्ट्रिक्ट कार्यक्रम के तहत ज़िला के पटवारियों को लैपटॉप तथा डाटा कार्ड वितरित किए तथा विभिन्न प्रमाण-पत्र शीघ्र उपलब्ध करवाने के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने क्षेत्रीय राजस्व कर्मचारियों को लोगों द्वारा वंछित राजस्व रिकॉर्ड की नकुलात व विभिन्न प्रमाण-पत्र तुरंत उपलब्ध करवाने तथा अन्य कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करने का आह्वान किया।

सीपी वर्मा ने पटवारियों को भी अपने-अपने पटवार वृतों में निर्धारित दिनों में उपस्थित रहने के निर्देश दिए, जिससे लोगों को राजस्व संबंधी कार्य समय पर निपटाए जा सके और उन्हें सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ें। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ऋचा वर्मा, ज़िला राजस्व अधिकारी चंदन कपूर तथा ज़िला कांगड़ा का संयुक्त पटवार एवं कानूनगों संघ के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

घण्डरां में 5 व्यक्तियों ने दो युवतियों को दराट व डंडों से पीटा, मामला दर्ज

इंदौरा, 20 मई (बलजीत) : पुलिस थाना इंदौरा के अंतर्गत 5 व्यक्तियों द्वारा दो लड़कियों से मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। मामला पुलिस चौकी ठाकुरद्वारा का है, जहां गुज्जर समुदाय की 2 लड़कियों जो सगी बहनें हैं, से डंडों व दराट से घायल करने का आरोप 5 लोगों पर लगाया गया है। मामले के संदर्भ में जानकारी देते हुए एसपी कांगड़ा संजीव गांधी ने बताया कि पुलिस चौकी ठाकुरद्वारा में एक मारपीट का मुकदमा दर्ज हुआ है, जिसमें 19 वर्षीय सुम्मा पुत्री शेर अली निवासी मंड घण्डरां ने आरोप लगाया है कि वह अपनी बहन बानो के साथ अपने मवेशियों को चरा रही थी। इस दौरान मंड घण्डरां के ही शेहफअली पुत्र युसफअली व उसकी बहन शुम्मा वहां आए और अचानक लड़ाई झगड़ा शुरु कर दिया व मारपीट की। उनकी इस लड़ाई झगड़े को देखकर इनके भाई रेहमू और मुन्ना भी वहां आ गए और शिकायतकर्ता लड़कियों ने बताया कि इस मारपीट से वे दोनों बहनें बेहोश हो गईं और काफी देर वहीं पड़ी रहीं। कुछ देर बाद जब इन्हें होश आया तो वे घर को जाने लगीं। वे घर जा ही रही थीं कि सुरमा निवासी मंड घण्डरां भी वहां आ गया और दराट व डंडों से इन पर प्रहार किए। जिससे वह घायल हो गई। एसपी ने बताया कि पुलिस ने शिकायत करने वाली युवती व उसकी बहन का मेडिकल करवाकर उक्त पांचों आरोपियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता 341/323/34 के अंतर्गत मामला दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है।